### खबर संक्षेप

### झंकार म्यूजिकल ग्रुप की शानदार संगीत संध्या, मुकेश-किशोर को दी श्रद्धांजलि



**शहडोल।** शहर के श्रजा प्लाजा कॉम्प्लेक्स में झंकार म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित संगीत संध्या में श्रोताओं ने सुर, लय और ताल का अद्भुत संगम देखा। कार्यक्रम दिवंगत महान पार्श्वगायक मुकेश कुमार और किशोर कुमार को समर्पित था। कार्यक्रम में स्थानीय उभरते कलाकारों ने दर्दभरे गीतों से लेकर सदाबहार रोमांटिक गीतों तक की शानदार प्रस्तुतियां दीं। पहली बार मंच से प्रस्तुति देने वाली जान्हवी निगम, अनुराग, देवांश श्रीवास्तव और राज ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं अनुभवी कलाकारों में ओंकार बर्मन, संजीव निगम 'पथिक', क्रिस्टी अब्राहम, उमा मधुकर, अजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सुब्रमण्यम, ब्रह्मसिंह देव सिंह बघेल, चंद्र शेखर ढंड, निर्मल श्रीवास्तव, मनीष द्विवेदी, डॉ. उमेश नामदेव, राहुल सांडिल्य, निधि भारती, दीपचंद, रविंद्र वैध, रविंद्र गुप्ता, सत्यप्रकाश राजवानी, धर्मेंद्र नामदेव, अजय विजरा, विनोद शर्मा और शेन फिलिप्स ने अपनी सुरीली आवाज से महफिल को संगीतमय बना दिया।
मंच संचालन क्रिस्टी अब्राहम, ओंकार बर्मन और संजीव निगम पथिक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भी संजीव निगम पथिक ने ही किया। इस संगीतमय शाम ने शहडोल की सांस्कृतिक पहचान को एक नया आयाम दिया।

### मां तुझे प्रणाम योजना हेतु अंतिम तिथि 6 सितम्बर

**शहडोल।** राज्य शासन की मां तुझे प्रणाम योजना के तहत 15 से 25 वर्ष के युवाओं के आवेदन 6 सितम्बर शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे। इस योजना में विकासखंड स्तर पर 10 युवाओं का चयन कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा और ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। चयन एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, खिलाड़ी और मेधावी छात्रों में से होगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग में आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

### राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ शासकीय कार्य

**शहडोल।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में सितम्बर माह के पहले दिन शासकीय कार्य की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन का कहना है कि ऐसे आयोजन से कर्मचारियों में देशभक्ति और अनुशासन की भावना मजबूत होती है।

### कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**शहडोल।** कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समयावधि पत्रों और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतें समय पर और संतोषजनक ढंग से हल हों, कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। आंशिक या निम्न गुणवत्ता वाले निराकरण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभी विभाग समय-सीमा में सेवाएं सुनिश्चित करें।

---

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की सख्ती से सहकारी समितियों और प्राइवेट दुकानों पर कार्रवाई

# शहडोल में बड़ा एक्शनः अवैध खाद भंडारण पर शिकंजा, किसानों को मिली राहत

**अब किसानों तक पहुंच रही खाद, निगरानी समिति ने तेज की आपूर्ति व्यवस्था प्राइवेट दुकानों पर कलेक्टर की कार्रवाई, अवैध भंडारण उजागर**







**शहडोल।** कालाबाजारी और किल्लत को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। तहसील ब्यौहारी के ग्राम पपौंध में छापा मारकर 132 बोरी डीएपी और 20 बोरी यूरिया जब्त की गई। वहीं सहकारी समितियों में गड़बड़ी पकड़े जाने पर दो प्रबंधकों को निलंबित कर दिया गया। जिले में खाद की खाद की कालाबाजारी पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की सख्ती से ब्यौहारी में 132 बोरी डीएपी, 20 बोरी यूरिया जब्त, जैतपुर और टिहकी समितियों के दो प्रबंधक निलंबित, निगरानी समिति सक्रिय, आपूर्ति व्यवस्था सुधरी, किसानों को राहत मिली, प्रशासन की कार्रवाई की सराहना हो रही है, शहडोल जिले में लंबे समय से खाद की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही थीं। किसानों को उनके हक का खाद समय पर नहीं मिल रहा था, जबकि बड़े पैमाने पर अवैध भंडारण और ब्लैक मार्केटिंग सामने आ रही थी। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी और कृषि विकास अधिकारी अभिषेक तिवारी ने कार्रवाई की।

### ब्यौहारी क्षेत्र में हुई कार्यवाही

तहसील ब्यौहारी के ग्राम पपौंध स्थित अनन्या इंटरप्राइज पर छापा मारकर 132 बोरी डीएपी और 20 बोरी यूरिया जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि खाद अवैध तरीके से छिपाकर रखी गई थी। मौके से जब्त खाद पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से किसानों में उम्मीद जगी है कि अब उन्हें खाद ब्लैक में नहीं खरीदना पड़ेगा।

### सहकारी समितियों में भी गड़बड़ी, दो प्रबंधक निलंबित

प्राइवेट दुकानों के अलावा सहकारी समितियों में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी गई। जैतपुर समिति के प्रबंधक यमुना प्रसाद मिश्र ने बिना अधिकृत किसानों को 346 बोरी यूरिया बांट दी। निरीक्षण के दौरान 254 बोरी खाद एक निजी दुकान पर मिली, जबकि बाकी ब्लैक में बेची जा चुकी थी। इसी तरह टिहकी समिति (जयसिंहनगर) में प्रबंधक राजेश अवस्थी ने 251 बोरी यूरिया बिना पंजीकृत किसानों को दे दी। यहां POS मशीन का उपयोग ही नहीं किया गया और भौतिक निरीक्षण में गोदाम खाली मिला। इन दोनों मामलों में कलेक्टर ने सख्त कदम उठाते हुए दोनों प्रबंधकों को तत्काल निलंबित कर दिया और उन्हें केंद्रीय सहकारी बैंक शहडोल में अटैच कर दिया। कलेक्टर की इस सख्ती ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि किसानों के हक पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त, निगरानी समिति सक्रिय

पिछले पखवाड़े से जिले के कई हिस्सों में यूरिया और डीएपी की भारी किल्लत बनी हुई थी। किसान घंटों लाइन में लगकर भी खाद नहीं ले पा रहे थे। बारिश के बीच खेतों की तैयारी प्रभावित हो रही थी और किसान मजबूरी में महंगे दामों पर ब्लैक में खाद खरीदने को विवश थे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की पहल और कार्रवाई के बाद हालात सुधरने लगे हैं। कई स्थानों पर खाद की आपूर्ति तेज की गई है और निगरानी के लिए विशेष समितियाँ बनाई गई हैं। तहसीलदार से लेकर एसडीएम और अन्य विभागों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे वितरण व्यवस्था पर नजर रखें और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराएं। प्रशासन की सख्ती का असर दिखने लगा है। किसानों का कहना है कि पहले जहां उन्हें घंटों भटकना पड़ता था, वहीं अब समितियों और दुकानों पर खाद मिलने लगी है।

### कलेक्टर की संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने एक ओर अवैध भंडारण पर छापा मारकर कालाबाजारी करने वालों पर नकेल कसी, वहीं दूसरी ओर किसानों के हित में आपूर्ति तंत्र को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। उनकी सख्त कार्यवाही की किसान संगठनों और आम जनता द्वारा सराहना की जा रही है। पूर्व में भी खाद की कालाबाजारी के मामले सामने आए थे, लेकिन इस बार निर्णायक कदम उठाए जाने से किसानों को राहत मिल रही है। अब उम्मीद है कि जिले में खाद वितरण व्यवस्था पारदर्शी और व्यवस्थित होगी और भविष्य में किसानों को ऐसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

---

परिजनों ने लगाया डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

## जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत से हंगामा

### सिविल सर्जन बोलीं मामले में कोई लापरवाही नहीं




**शहडोल।** जिला अस्पताल के प्रसूति विभाग में रविवार की रात उस समय हंगामा मच गया जब एक प्रसूता महिला की ऑपरेशन के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति पर काबू पाया गया।
मिली जानकारी के अनुसार मृतका नेहा नापित (27), पत्नी राजा नापित निवासी सराई कापा, बुढ़ार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन एक दिन पूर्व जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसे तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। रविवार शाम लगभग 5 बजे महिला का ऑपरेशन कर सफल प्रसव कराया गया और उसने एक नवजात को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के बाद ही नेहा की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी थी।
परिजनों का आरोप है कि उन्होंने बार-बार डॉक्टरों से गुहार लगाई कि महिला की हालत नाजुक है और उसे तुरंत बड़े अस्पताल रेफर कर दिया जाए, लेकिन जिम्मेदार डॉक्टरों ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। देर रात लगभग 11 बजे नेहा की स्थिति गंभीर हो गई। ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर ने उसे सीपीआर दिया, लेकिन कुछ देर बाद ही महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।
मृतका के परिजनों का कहना है कि नेहा बिल्कुल स्वस्थ थी और उसे किसी प्रकार की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी नहीं थी। सामान्य अवस्था में भर्ती कराने के बावजूद ऑपरेशन के तुरंत बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार का आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण एक मां की मौत हुई और नवजात बच्चा जन्म लेते ही मां के साए से वंचित हो गया।
घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों को घेरकर नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया।
इस मामले पर जिला अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने सफाई देते हुए कहा कि महिला की मौत प्रसव के बाद हुई है, लेकिन इसमें डॉक्टरों की ओर से किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई। उन्होंने परिजनों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि महिला को समय पर उपचार दिया गया था।
नेहा की मौत ने एक बार फिर जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली और सुविधाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते रेफर कर दिया जाता तो शायद उनकी बेटी की जान बच सकती थी। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों का पक्ष है कि उन्होंने स्थिति के अनुसार हर संभव प्रयास किया।

## रेलवे कॉलोनी और शहर में चोरों का खौफ, परिवार घर छोड़ने को मजबूर

**शहडोल। कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने लोगों का चैन-सुकून छीन लिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कुछ परिवार अब अपने किराए के घर छोड़कर दूसरी जगह रहने को मजबूर हो गए हैं। बीते एक सप्ताह में रेलवे कॉलोनी में दूसरी बार चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। चोरों का खौफ इतना बढ़ गया है कि लोग घरों में अकेले रहने से भी डरने लगे हैं।**



ताजा मामला रेलवे कॉलोनी स्थित शासकीय क्वार्टर 385/1 का है, जहां रेलवे स्टेशन पर पदस्थ टेक्नीशियन चितरंजन शाह के घर चोरों ने धावा बोला। घटना उस समय हुई जब चितरंजन शाह ड्यूटी पर थे और उनकी पत्नी घर में अकेली थीं। रात में अज्ञात चोर खिड़की से घर में घुस गए और लगभग एक लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के गहने व नगद लेकर फरार हो गए। महिला की नींद टूटी तो उसने आरोपी को खिड़की के पास देखा, लेकिन भय के कारण कुछ कर न सकी। चोरों के भागने के बाद उसने अपने पति को सूचना दी। जब तक चितरंजन शाह घर लौटे, तब तक ताला टूटा मिला और घर का सामान बिखरा पड़ा था। घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई, जिस पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यही नहीं, इससे पहले भी रेलवे कॉलोनी में लोको पायलट के घर चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें चोरों ने गहनों और नगदी के साथ घर में रखा राशन और साबुन तक चुरा लिया था।
रेलवे कॉलोनी के साथ-साथ शहर के अन्य हिस्सों में भी चोर बेखौफ सक्रिय हैं। रीवा रोड मदन एजेंसी के पीछे रहने वाले एक एलआईसी अधिकारी के घर में दो बार चोरी हुई। पहली बार की वारदात के बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगवाए, लेकिन दूसरी बार फिर लाखों रुपए के जेवर और नगदी चोरी हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुई, पर पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही। आखिरकार एलआईसी अधिकारी ने घर खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट होना ही बेहतर समझा।
स्थानीय निवासी प्रकाश सोनी का आरोप है कि पुलिस की रात्रिकालीन गश्त नाममात्र की रहती है, जिसकी वजह से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि इसी इलाके में हाल ही में दिनदहाड़े ऑटो से बैटरी और रात में ट्रक से बैटरी चोरी की वारदात हुई थी। उसका फुटेज भी पुलिस को दिया गया, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** रतलाम प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मांग की कि पटवारी को पर्याप्त सुरक्षा दी जाए और प्रदेश में नशे के कारोबार पर कठोर कार्रवाई की जाए।जिलाध्यक्ष अवस्थी ने ज्ञापन में कहा कि 31 अगस्त को रतलाम में अज्ञात लोगों ने हिंसक माहौल बनाकर पटवारी पर जानलेवा हमला किया। इससे पहले भी उन पर कई बार हमले हो चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नशे का गढ़ बनता जा रहा है और नशे के खिलाफ अभियान चलाने के कारण पटवारी को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नशे के कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।अजय अवस्थी ने कहा "यह केवल कांग्रेस का मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। अगर नशे का कारोबार इसी तरह फलता-फूलता रहा तो समाज का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा।" इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा, महमूद अहमद, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनरेश तिवारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सिराज खान, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## बीएमओ ने किया उप स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण



**शहडोल।** खंड चिकित्सा अधिकारी जयसिंहनगर डॉ. आनंद प्रताप सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ पदस्थ सीएचओ और एएनएम से विस्तारपूर्वक चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों के मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसलिए स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था किसी भी हाल में लचर नहीं रहनी चाहिए। बीएमओ ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि केंद्र में मौजूद किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कमी को लिखित रूप से प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराकर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी, जिससे ग्रामीणजन समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले सकें।

## 12 किमी पैदल चलकर पहुंचे छात्र, कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाकर दिया समाधान; भर्राशाही पर कसी नकेल



**शहडोल।** आदिवासी अंचल के छात्रों की समस्याएँ एक बार फिर सुर्खियों में आईं जब एकलव्य छात्रावास हर्री के दर्जनों विद्यार्थी रविवार को 12 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका आरोप था कि छात्रावास में उन्हें भोजन, पानी, साफ-सफाई, गणवेश और खेल मैदान जैसी बुनियादी सुविधाएँ तक नहीं मिल रही हैं। कई बार शिकायत के बाद भी स्थानीय अधिकारी अनसुनी कर रहे थे, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।
कलेक्ट्रेट में छात्रों ने कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने कहा कि "बार-बार गुहार लगाने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती, मजबूर होकर सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुँचे हैं।" यह घटना छात्रावास व्यवस्था में चल रही भर्राशाही और उपेक्षा की पोल खोलने वाली साबित हुई।
छात्रों की पीड़ा सुनकर कलेक्टर डॉ. सिंह ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाई और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा को समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी छात्रावासों में शिकायत पेटी लगाने, आकस्मिक फोन नंबर सार्वजनिक करने और छात्रों को समय पर भोजन, गणवेश, खेलकूद व लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश दिए।
इतना ही नहीं, हर्री विद्यालय के शिक्षकों की अनुपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों में लापरवाही पर उन्होंने एक दिन का वेतन काटने का आदेश भी दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि "छात्रावासों में बच्चों को घर जैसा वातावरण मिलना चाहिए, तभी वे लगन से पढ़ाई कर सकेंगे।"

## जमीन घोटाले का बड़ा खुलासा, उप-पंजीयक की मिलीभगत से फर्जी रजिस्ट्री और करोड़ों की ठगी

**शहडोल।** जिले में जमीन घोटालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। नवीनतम मामले में जमीन माफिया विद्यासागर चौधरी पर आरोप है कि उसने उप-पंजीयक कुशवाहा की मिलीभगत से कई फर्जी विक्रय-पत्र दर्ज कराए और खरीदारों से भारी रकम वसूल की। यह खुलासा तब हुआ, जब पहले से निरस्त की गई पावर ऑफ अटॉर्नी को दरकिनार कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री कर दी गई। साफ है कि रजिस्टार की संलिप्तता के बिना यह संभव नहीं था।

### कारोबारी तक पहुंचे धोखाधड़ी के जाल

यह पहला मामला नहीं है। हाल ही में तहसील क्षेत्र में लोधी नामक व्यक्ति की भूमि को लेकर भी विद्यासागर चौधरी ने पांडे नामक युवक के साथ मिलकर सौदेबाजी की। इस घोटाले की जद में जिले के प्रतिष्ठित कारोबारी शिवकुमार पटेल तक आ गए। लगातार हो रही ठगी ने यह साबित कर दिया है कि यह कोई साधारण धोखाधड़ी नहीं, बल्कि जमीन माफियाओं और दलालों का गठजोड़ है, जिसके केंद्र में विद्यासागर चौधरी और उप-पंजीयक कुशवाहा बताए जा रहे हैं।

### प्रशासन की साख पर संकट

पीड़ित जमीन मालिक गोरेलाल वर्मन, किरण वर्मन, तुलसा वर्मन, कीर्ति वर्मन, भीमसेन वर्मन और सरोज वर्मन ने संयुक्त रूप से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव से तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब पावर ऑफ अटॉर्नी निरस्त थी, तो भी रजिस्ट्री कैसे हो गई? यह मामला अब केवल निजी जमीन विवाद न होकर पूरे प्रशासनिक तंत्र की साख पर सवाल बन गया है। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो यह भ्रष्टाचार और गहराएगा और प्रदेश सरकार की छवि पर धब्बा लगेगा।

**खबर संक्षेप**

## शहडोलः बच्चों का आधार बनवाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि स्कूलो में आधार कैंप का आयोजन किया जाए तथा शत प्रति शत बच्चों का आधार कार्ड बनवाया जाए।प्रत्येक कैंप के लिए नामजद अधिकारियों को तैनात किया जाए तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए । इस कार्य में लापरवाही नही बरती जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,ज्वाइंट कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## संगीतमय राष्ट्रगान के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत



उमरिया। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह की उपस्थिति में संगीतमय राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान तथा मध्यप्रदेश के गान के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## जिला जेल में जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

उमरिया। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जिला जेल उमरिया में जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रममें मोहन डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया एवं बी.डी.दीक्षित, जिला विधिक सहायता अधिकारी उमरिया आदि उपस्थित रहे।

# जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत, बाइक रैली के साथ हुआ आगमन, कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़

**मानपुर। कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष इंजीनियर विजय कोल का रविवार को मानपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ता नगर के सिकुड़ी मोड़ पर एकत्र हुए और डीजे की धुन व पटाखों की गड़गड़ाहट के बीच विशाल बाइक रैली निकालते हुए ''जय कांग्रेस विजय कांग्रेस'' के नारे लगाए। रैली बस स्टैंड, मुख्य बाजार से होती हुई गौतमान टोला स्थित हनुमान मंदिर तक पहुंची, जहां विजय कोल ने हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।**

इसके बाद सभी कार्यकर्ता गांधी प्रतिमा स्थल पहुंचे और बापू को याद करते हुए "रघुपति राघव राजा राम" का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन बरसाना गार्डन में हुआ, जहां कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सहप्रभारी नीरज सिंह बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष शारदा



प्रसाद गौतम, ओमकार सिंह बबलू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू सिंह, नेत्री रोशनी सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष विजय कोल ने अपने उद्बोधन में कहा "संगठन हम सब से बड़ा है। मैं व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर पूरी निष्ठा से कांग्रेस संगठन को मजबूत करूंगा और हर वर्ग को पार्टी में सम्मान और स्थान मिलेगा। मैं जननायक राहुल गांधी के विचारों के अनुरूप संगठन चलाने का प्रयास करूंगा।"कार्यक्रम का संचालन विकास गुप्ता ने किया और आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री विजय गौतम ने किया। इस मौके पर जिलेभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें अंबिका प्यासी, शिवकुमार मिश्रा, पंकज चतुर्वेदी, कुशलेंद्र तिवारी, सुरेंद्र भट्ट, वीरेंद्र सिंह, असलम शेर, भवानी सिंह, अमर बहादुर सिंह, विजय द्विवेदी, रामलखन सिंह, रमेश सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सिगुड़ी मोड़ पर स्थायी बस स्टैंड की मांग तेज

**मानपुर। वर्षों से लंबित बस स्टैंड निर्माण का मुद्दा अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है। 31 अगस्त 2025 को सिगुड़ी मोड़ पर आयोजित विशाल जनसभा में सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर शासन-प्रशासन से स्थायी बस स्टैंड की घोषणा करने और शीघ्र निर्माण प्रारंभ करने की मांग की।**

### सिगुड़ी मोड़ ही उपयुक्त स्थान

ग्रामीणों का कहना है कि मानपुर क्षेत्र की लगभग 90% जनता बस स्टैंड निर्माण के लिए सिगुड़ी मोड़ को सबसे उपयुक्त मानती है। नगर परिषद मानपुर के 12 पार्षदों ने भी 24 अगस्त 2024 को लिखित आवेदन देकर इस स्थल पर बस स्टैंड की मांग की थी, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**परिषद बैठक में उठेगा मुद्दा**

जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी पार्षदों की आवाज़ को लगातार अनदेखा कर रहे हैं। आगामी 03 सितम्बर 2025 को होने वाली नगर परिषद की बैठक में यह विषय अहम एजेंडे के रूप में उठाया जाएगा।

**खुटार में केंद्रीकरण पर आपत्ति**

सभा में वक्ताओं ने कहा कि मानपुर तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकांश सरकारी कार्यालय और भवन खुटार क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं, जिससे अन्य इलाकों का विकास प्रभावित हुआ है। लोगों ने सवाल उठाया क्या विकास का अर्थ केवल खुटार तक सीमित है।

**भूमि उपलब्ध, पर प्रशासन मौन**

वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि सिगुड़ी मोड़ पर लगभग 20 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है। वन विभाग ने इसे तकनीकी कारणों से वनभूमि दर्शाया है, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि वास्तविक स्थिति भिन्न है। उनका तर्क है कि जब बड़े सरकारी भवन जंगल क्षेत्र में बन सकते हैं, तो बस स्टैंड के लिए एक हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराना भी संभव है।

**नेताओं और नागरिकों की उपस्थिति**

सभा की अध्यक्षता पार्षद खुशबू गुप्ता ने की। इस अवसर पर पार्षद अतुल तिवारी, संतलाल चौधरी, शिवराम शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश पटेल, प्रदीप प्रजापति, अनेक लाल बैगा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालक दास पटेल सहित कई सरपंच, किसान, युवा, पत्रकार एवं प्रशासनिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# वन विभाग की कथित मनमानी पर भाजपा का हल्ला बोल, कलेक्टर व क्षेत्र संचालक को सौंपा ज्ञापन

**मानपुर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा-पतौर परिक्षेत्र में निर्दोष ग्रामीणों पर दर्ज किए गए कथित फर्जी प्रकरण अब राजनीतिक रंग लेने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी उमरिया ने इस मामले को गंभीर बताते हुए जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन और क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय से मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

भाजपा नेताओं ने कहा कि बीते दिनों वन विभाग के एसडीओ भूरा गायकवाड़ द्वारा 12 ग्रामीण आदिवासियों पर झूठा मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। इन ग्रामीणों पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने वन्य अधिनियम का उल्लंघन किया, जबकि वास्तविकता यह है कि वे केवल सड़क किनारे लगी पिहरी तोड़ रहे थे। भाजपा नेताओं के अनुसार ग्रामीणों ने न तो जंगल को नुकसान पहुंचाया और न ही जंगली जीवों को कोई क्षति पहुंचाई। इसके बावजूद वन अमले ने मनगढ़ंत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर दिया। पार्टी का यह भी आरोप है कि कुछ निर्दोष राहगीरों को भी जबरन मामले में फंसा दिया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व और वरिष्ठ नेता मिथलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि निर्दोष ग्रामीणों को शीघ्र न्याय नहीं मिला और दोषी एसडीओ भूरा गायकवाड़ पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा इस मामले को पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व तक ले जाएगी और उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा महामंत्री दीपक छतवानी, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, नेता दिनेश पांडे, धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम, विनय मिश्र, मनीष सिंह, मौजीलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में आरोपी ग्रामीण और उनके परिजन मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर से मांग की कि निर्दोष आदिवासियों पर लगे झूठे आरोपों को तत्काल समाप्त किया जाए और न्याय दिलाया जाए।

## बुढार के दोहरे हत्याकांड में पिता-पुत्र को उम्रकैद

**बुढार।** बुढार स्थित न्यायालय ने बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने आरोपी कमल बरसाईल और उसके पुत्र वीरेंद्र बरसाईल को दोषी मानते हुए दोहरा आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। यह निर्णय अपर लोक अभियोजक आलोक राय की सशक्त पैरवी से संभव हुआ। अदालत ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध समाज के लिए घातक हैं और अपराधियों को कड़ी सजा देना आवश्यक है।थाना क्षेत्र के चर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में बुढार स्थित न्यायालय ने 30 अगस्त 2025 को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी कमल बरसाईल और उसके पुत्र वीरेंद्र बरसाईल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 व 201 के तहत दोषी करार दिया। दोनों को दोहरा आजीवन कारावास एवं 22,000-22,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मामला वर्ष 2019 का है, जब जमीन विवाद को लेकर दोनों आरोपियों ने मटल और प्रमोद मिश्रा की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सबूत मिटाने की भी कोशिश की गई थी। अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने मजबूत पैरवी करते हुए न्यायालय को सभी सबूत और गवाहों की गवाही से अवगत कराया, जिसके आधार पर अदालत ने यह कड़ा फैसला सुनाया।

जमीन विवाद से उपजा था खूनी खेल

बुढार क्षेत्र में 2019 का यह दोहरा हत्याकांड जमीन विवाद से जुड़ा था। मृतक मटल और प्रमोद मिश्रा ने भूमि खरीदी थी, जिस पर आरोपी कमल बरसाईल और वीरेंद्र ने आपत्ति जताई। यह विवाद बढ़ते-बढ़ते खूनी टकराव में बदल गया।

# कोतमा नगर में जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा



# सकोला के कई वार्ड और घरों में विराजे श्री गणेश की मूर्ति



**हरिभूमि न्यूजबदरा/जमुना।** भक्तिमय वातावरण के बीच 10 दिन के लिए पधारे श्री गणेश भगवान की मूर्ति का पूजा अर्चना बड़ी लगन श्रद्धा से किया जा रहा है। गांव के कई वार्डों में पंडाल बनाकर श्री गणेश जी की मूर्ति रखी गई है। ठीक वैसे ही स्थानीय निवासी राजकुमार साहू के यहां घर में स्टेज बनाकर गणेश जी की प्रतिमा रखकर श्री महाराज जी द्वारा सुबह शाम आरती की जा रही है और प्रसाद भोग वितरण किया जा रहा है और रात में महिलाएं भजन कीर्तन गा रही हैं। गणेश पंडाल के कार्यकर्ता रौनक साहू, नारायण, कार्तिक, राजा, पारसनाथ विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा और शिवानी विश्वकर्मा की देखरेख में पंडाल आए भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया जा रहा जैन मंदिरों में दस लक्षण पर्व

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के जैन मंदिरों में दस लक्षण पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक, पूजन, विधान, सायंकालीन आरती, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे रहते है। पाठशाला के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जा रही जिन्हें देखकर लोग भावविभोर हो रहे हैं। दस लक्षण पर्व जैन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, जो आत्म-शुद्धि और आत्म-सुधार के लिए दस दिनों तक मनाया जाता है। इन दिनों में दस प्रमुख गुणों या धर्मों का पालन किया जाता है। प्रथम दिवस उत्तम क्षमा, द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव और तृतीय दिवस उत्तम आर्जव (सरलता) का प्रतीक रहा। क्षमा और विनम्रता का संदेश बच्चों ने नाट्य रूपांतरण एवं गीतों के माध्यम से दे रहे हैं।



उपस्थित जनों को जीवन में सच्चाई और ईमानदारी अपनाने की बात कही। पाठशाला के बच्चों ने आचार्य विद्यसागर महाराज के राष्ट्रकल्याण हेतु दिए गए योगदानों को नाट्य रूपांतरण द्वारा प्रस्तुत कर समाज को प्रेरित किया। मूक पशुओं की रक्षा पर विशेष प्रस्तुति दी गई। जिसमें नन्हें बच्चों ने नृत्य-गायन के माध्यम से संदेश दिया कि सभी जीवों की रक्षा करनी चाहिए। बच्चों ने खादी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु आचार्य गुरुवर के योगदान को मंच पर प्रस्तुत किया। जेलों और कारागारों में चरखे के माध्यम से खादी निर्माण का संदेश दिया गया। बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर इंडिया नहीं भारत बोलो" हिंदी मातृभाषा का प्रयोग करो" जैसे नारों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। नन्हे मुन्हें बच्चों के द्वारा क्रांतिकारी वेशभूषा धारण कर शहीद साबुलाल, रानी शांतला देवी, अमरचंद बांठिया, अमरशहीद हुकुमचंद जैन आदि क्रांतिकारियों की भूमिका भी निभाई और संदेश दिया कि जैन समाज ने भी स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बड़े बच्चों ने पैक्ड खाद्य पदार्थों से होने वाले नुकसान पर नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। कोर्ट के रूपक में कंपनी, वकील और आम जनता के पक्ष रखे गए, जिसमें मानक मापदंडों का पालन न करने पर कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संदेश दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सुरक्षा को महत्व देना रहा। समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि पाठशाला धर्म, संस्कृति और समाज सेवा की प्रेरणा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं संजय श्रीवास आयु 42 वर्ष पिता श्री गंगा प्रसाद श्रीवास जाति नाई निवासी ग्राम वार्ड क्रं. 02 मकान क्रं. 552 नगर परिषद तहसील अमरकंटक वैतरणी वार्ड अमरकंटक थाना अमरकंटक पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर म.प्र. पिन कोड नं. 484886 का होकर शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि आधार नं. 222262188057 मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मुझ शपथकर्ता का नाम संजय श्रीवास पिता श्री गंगा प्रसाद श्रीवास माता सरोजनी बाई है मुझे लोग संजय श्रीवास के नाम से जानते हैं । यह कि उक्त शपथ- पत्र मेरे अंकसूची संजय कुमार श्रीवास लिखा हुआ है तथा मुझ शपथकर्ता व प्रमाणीकरण एवं पास पोर्ट हेतु पहचान वास्ते न्यूज पेपर में प्रकाशन कराया जाना है तथा मुझ शपथकर्ता का वास्तविक पहचान संजय श्रीवास पिता गंगा प्रसाद श्रीवास निवासी पता के अनुसार न्यूज पेपर में प्रकाशन कराये जाने वास्ते सह शपथ-पत्र निष्पादित कर रहा हूँ ।

दिनांक 26.08.2025

शपथकर्ता

## भालूमाड़ा पुलिस ने 2 अभ्यासिक आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूजभालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे इसरार मन्सूरी तथा श्रीमति आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा आमसएक्ट के आरोपी दुर्गेश उर्फ गुडडा पटेल बाबूराम पटेल उम्र 26 बर्ष नि. वम्हनी व ब्रजेन्द उर्फ चरका पिता रामचरण पटेल उम्र 38 बर्ष निवासी छिल्पा थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर के द्वारा तलवार लहराते हुए मिलने पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।



## सड़क हादसे में घायल डॉक्टरों को समाजसेवी ने पहुंचाया अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** कोतमा हाइवे रोड में शनिवार की रात को पयारी गाँव के पास दो पहिया वाहन के बीच सड़क पर आवारा मवेशियों से दुर्घटना होने से 2 डॉक्टरों के घायल होने का मामला सामने आया है। सड़क पर घायल पड़े डॉक्टर रविन्द्र शर्मा एवं मुकेश रवि की सूचना समाजसेवी शिवांश सिंह को मिलने पर तत्काल पहुंचते हुए सहारा देकर फुनगा हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉ. रवींद्र शर्मा जो परासी हॉस्पिटल में पदस्थ है उनके सर एवं हाथ पांव में चोट आई। चेहरे में 4 टाके भी लगे है। दूसरे घायल मुकेश रवि को सामान्य चोट आई जिनकी पोस्टिंग फूंनगा में ही है।



## धनपुरी में गणेशोत्सव धूम














# पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर ब्योहारी नगर से वार्ड नंबर नौ न्यू बरौधा का सम्पर्क टूटा, हजारों लोगों का आवागमन ठप्प

**भारी बारिश के कारण न्यू बरौधा वार्ड नंबर नौ एवं ब्योहारी के बीच आवागमन पुलिया क्षतिग्रस्त होने से हुआ बंद बाणसागर विस्थापित परिवार हो रहे परेशान**

मध्यप्रदेश के शहडोल जिले ब्योहारी में विगत रात्रि भारी बारिश होने के ब्योहारी से वार्ड नंबर नौ न्यू बरौधा के बीच पुलिया छतिग्रस्त हो गई जिसके कारण न्यू बरौधा पूर्ण रूप आवागमन ठप्प हो गया

ब्यौहारी शहडोल





जिससे बाणसागर विस्थापित परिवार के बच्चों का स्कूल आना जाना बंद हो गया तो कुछ छात्र जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं हालांकि कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिया के दोनों तरफ से बैरीकेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है फिर भी कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं हम आपको बता दें इस पुलिया का निर्माण वर्ष 2003 में कराया गया था लेकिन इस पुलिया का रख-रखाव और मरम्मत कार्य न कराये जाने के कारण विगत रात्रि भारी बारिश होने से पुलिया पूर्ण रूप छतिग़स्त हो गई जिसकी सूचना नगर पालिका ब्योहारी एवं प्रशासन को दे दी गई है पर शायद प्रशासनिक अमला कुम्भकरणी निद्रा में लीन है बाणसागर विस्थापित परिवार ने प्रशासन से मांग की गई है कि जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराया जाए जब तक पुलिया का निर्माण न हो वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए जिससे न्यू बरौधा के लोगों का आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सके।

# बोलेरो ने बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर, महिला और बाइक चालक घायल

ब्यौहारी।

नगर के अंतर्गत टंकी तिराहा के पास 3:00 बजे ब्यौहारी से बोलेरो सीधी तरफ जा रही थी और बाइक सवार भी इस तरफ जा रहे थे इसी दौरान बोलेरो ने ठोकर मार दी जिससे उनके दोनों परिजन घायल हो गए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायल का नाम मुन्नी कहार,कोटमा शहडोल उसका पुत्र सूरज कहार, महिला शहडोल से चरखरी जा रही थी जहां नशे मे बोलेरो चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया बोलेरो भी बहेरिया पपौंध से सीधी की ओर जा रहा था चालक नाम यूनुस है जो शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था घटना 3:00 की बताई जा रही है घायल को व्यवहारी अस्पताल में भर्ती कराया गया महिला के कमर में चोट है बाइक चालक के बीच चोट आई।







## 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित करें सरकार



**ब्यौहारी**। 1 सितंबर को ड्राइवर महासंघ द्वारा ग्राम मऊ स्थित अपने कार्यालय में एकत्रित हुए एवं ड्राइवर दिवस मनाया। ड्राइवर को मानना है कि अपने घर परिवार से दूर रहकर हम लोग दूसरे का जीवन सुगम बनाते हैं और हमेशा खतरे में रहते हैं। अन्य लोगों की अपेक्षा वाहन चालकों को खतरे की संभावना ज्यादा रहती क्योंकि वह हमेशा वहां चलते इसलिए सरकार को ड्राइवर के हित में भी कुछ सोचना चाहिए और 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। सरकारी स्तर पर भी इसका कार्यक्रम है ड्राइवर महासंघ ने इसकी मांग की है ड्राइवर महासंघ के बैनर तले शहडोल जिले के बुढ़ार में भी बड़ा कार्यक्रम किया गया जहां जिले भर से ड्राइवर इकट्ठा हुई और अपनी मांगों को रखा।

## धनपुरी गणेशोत्सव का छठ पर्व : प्रसाद वितरण व भक्ति गीतों से गूंजा धनपुरी

**धनपुरी**। नगर में गणेशोत्सव की छटा देखते ही बन रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में गणेश प्रतिमाएं धूमधाम से स्थापित की गईं। सोमवार, 1 सितंबर को छठ पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।इस मौके पर भक्तों द्वारा खिचड़ी, हलवा और खीर का प्रसाद वितरित किया गया। महिलाओं ने गाना-बजाना कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। वहीं घरों में गुड़ के लड्डू बनाकर गणेशजी की पूजा-अर्चना की गई।सुबह-शाम "जय गणेश जय गणेश देवा, माता जाकी पार्वती पिता महादेवा" की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। छोटे-छोटे बच्चे भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पंडालों में उनके उत्साह और भक्ति से माहौल और भी रंगीन हो गया।नगर की गलियों और मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। गणेशोत्सव के इस छठ पर्व ने धनपुरी में आस्था और उल्लास देखा गया।

# धनपुरी वार्ड-10 की सड़क बनी हादसों का सबब, 3 साल बाद भी हाल जस के तस





धनपुरी।

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 में गैस गोदाम से लेकर अमराडंडी बाजार तक करीब 800 मीटर की सड़क वर्षों से बदहाल पड़ी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों ने सड़क को दलदल का रूप दे दिया है। नगर पालिका चुनाव हुए तीन साल गुजर गए, लेकिन वार्डवासियों की समस्या जस की तस है।ओवरब्रिज के कारण इस रोड पर बढ़ा दबावअमलाई रेलवे फाटक के आगे ओवरब्रिज का काम शुरू होने के बाद वाहनों का दबाव इस मार्ग पर और बढ़ गया है। छोटे-बड़े सभी वाहन अमराडंडी होकर ही गुजर रहे हैं। टूटी-फूटी सड़क पर आए दिन छुटपुट दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं, सड़क पर पानी भर जाता है और गड्ढों का पता ही नहीं चलता।नवरात्रि में होगी और मुसीबत वार्डवासी बताते हैं कि त्योहारों के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। नवरात्रि में जगह-जगह धार्मिक आयोजन होते हैं, जिससे इस मार्ग पर भीड़ और बढ़ जाएगी। अमराडंडी होकर आना-जाना पहले ही मुश्किल है, ऐसे में जाम और हादसों का खतरा और ज्यादा हो जाएगा।न सफाई, न नाली, न सड़क वार्डवासी परेशानवार्ड में नाली निर्माण अधूरा है, गाजर घास फैली है और सफाई की भारी कमी है। जलजमाव और गंदगी के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है। शिकायतें करने के बावजूद नगर पालिका ध्यान नहीं दे रही।पार्षद का दावा—बरसात के बाद होगा निर्माणवार्ड पार्षद उमा चौधरी ने बताया कि सड़क का चौड़ीकरण होना है और निर्माण कार्य की योजना भी बनी है। बरसात के बाद रोड और नाली का काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल वार्डवासी प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## खाद की कालाबाजारी करते पाए जाने पर टिहकी समिति प्रबंधक निलंबित

**ब्यौहारी**। जिले में भले ही खाद काहो कट हो लेकिन समिति प्रबंधकों द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है टिहकी समिति का शिकायत के बाद निरीक्षण जयसिंहनगर एसडीएम काजोलसिह द्वारा किया जिसमें 251 बोरी यूरिया मशीन में नहीं दर्ज करा दी गया गोदाम का भौतिक सत्यापन करने पर गोदाम में यूरिया नहीं थी महंगे दामों पर बिना मशीन में चढ़ाई ही लोगों को बांट दिया गया इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए समिति प्रबंधक राजेश अवस्थी को कलेक्टर द्वारा निलंबित कर दिया गया।क्या है निलंबन की स्टोरी - एक स्थानिय भाजपा नेता के कहने पर समिति प्रबंधक द्वारा दो दो बोरी खाद सभी को बांट दी गई भाजपा नेताओ का कहना था की सभी को दो दो बोरी खाद मिल जाएं बाकी मैं सब संभाल लूंगा।प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करेगा।भाजपा नेता की बात मानकर द्वारा प्रबंधक द्धारा मनमानी यूरिया का वितरण कर दिया इसकी भनक कलेक्टर को लग गई और उन्होंने जांच के लिए एसडीएम को भेज दिया और एसडीएम को खाद नहीं मिली क्योंकि खाद का वितरण पहले ही मनमानी तौर पर द्वारा कर दिया गया था अब लोगों में यह चर्चा है कि जिनके कहने पर खाद बटां वह भी निलंबित होने से नहीं बचा सके ऐसी चर्चा समिति प्रबंधकों बीच है इसलिए अब हम नियम के अनुसार ही अब काम करेंगे।

# नवागत जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष का आज नगर स्वागत, बाइक रैली



### जेसीसी में आयोजित हुई बैठक,लिया गया निर्णय

बुढार।

जिला कांग्रेस कमेटी के नवागत जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी का 2 सितंबर को नगर प्रवास को लेकर बरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं धनपुरी नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल के जेसीसी में आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय। ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में बुढार नगर में आज मारुति नंदन कटकोना से बाइक रैली के साथ नगर में ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है साथ ही जिलाध्यक्ष श्री अवस्थी का जैतपुर चौराहे, लोहिया चौंक, से होते हुए न्यायालय चौंक पर स्थित पुर्व राज्यपाल स्व कृष्णपाल सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कालेज चौराहे में भी स्वागत कांग्रेस जन करेंगे उसके उपरांत धनपुरी आजाद चौक होते हुए धनपुरी 3 नम्बर में कांग्रेस के जिला पदाधिकारी शोभा राम पटेल के द्वारा स्वागत किया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हनुमान खंडेलवाल, मुबारक मास्टर बलमीत सिंह खानुजा,सुजीत सिंह चंदेल, शोमा राम पटेल,कमलेश शर्मा, विनोद पाठक,नौशेरमा खान,मो शाबिर, हर्ष पाठक,जवाहर लाल,मो कदूश सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी के लिए टीमों का पंजीयन 15 सितंबर से

**अनूपपुर**। जिले के विधानसभा पुष्पराजगढ़ में विंध्य क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नर्मदांचल वीर युवा संगठन पुष्पराजगढ़ द्वारा किया जा रहा है, बता दे की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमगवां में देश कोने-कोने से फुटबॉल खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में सम्मिलित होते हैं और यह फुटबॉल टूर्नामेंट निरंतर पिछले कई वर्षों से चल रहा है, इस टूर्नामेंट का आयोजन अनूपपुर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं फुटबॉल खिलाड़ी हीरा सिंह श्याम एवं मित्र मंडली द्वारा किया जा रहा है। इस फुटबाल टूर्नामेंट में सम्मिलित होने के लिए टीमों का पंजीयन 15 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक होगा

### सकरिया में कुंए से बुजुर्ग का शव बरामद
### कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर**। 31 अगस्त को रिपोर्टकर्ता गुड्डी रजक पति भैयालाल रजक उम्र करीब 45 साल निवासी ग्राम सकरिया अनूपपुर के द्वारा दोपहर में थाना कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि यह अपने पति से कई सालो से अलग जैतहरी में रहती है और मोजरबियर के कैन्टीन में खाना बनाने का काम करती है। भैयालाल रजक से कोई संतान न होने से छोटी बहन मुन्नी रजक का विवाह भी भैयालाल रजक से करा दिया गया था जिससे दो संताने है। 31 अगस्त को सुबह से भैयालाल रजक का मोबाईल फोन बंद बताने से जैतहरी से आकर ग्राम सकरिया में निर्माणाधीन मकान में तलाश किये जो नही मिलने पर आस पास खोजें तो घर के पीछे बाड़ी में बने कुंए में शव उतराता हुआ दिखा है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में मर्ग क्रमांक 71/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस. पंजीबद्ध किया गया। टीआई कोतवाली, एफ.एस.एल. मोबाईल यूनिट शहडोल के वैज्ञानिक अधिकारी डाक्टर प्रदीप अहिरवार, फिन्गर प्रिन्ट विशेषज्ञ गिरजाशंकर गौतम एवं पुलिस डाग के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया जो होमागार्ड की एस.डी.ई.आर. एफ. टीम की मदद से शव को कुंए के पानी में से निकाला गया जो मृतक भैयालाल रजक पिता मोहन रजक उम्र करीब 62 साल निवासी ग्राम सकरिया का शव जूट के बोरे और साड़ियो से लपटा हुआ प्राप्त हुआ जिसके सिर पर पीछे की ओर चोट होना भी पाई गई है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है एवं पुलिस द्वारा बारीकी से सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई है कि मृतक भैयालाल रजक की दो पत्नियां है साथ ही मृतक के द्वारा हाल ही में ग्राम परसवार में अपनी पैतृक जमीन को भी बेचा गया था, साथ ही ग्राम सकरिया में मकान का निर्माण भी कराया जा रहा था जिसको लेकर सभी बिन्दुओं पर पुलिस जांच कर रही है।





## महालक्ष्मी महोत्सव धूमधाम से नगर में मनाया गया

### देवी ज्येष्ठा और कनिष्ठा की स्थापना कर विधिः विधान से पंत परिवार ने की पूजा अर्चना

**बुढार**। सोमवार को देवी ज्येष्ठा और कनिष्ठा माता की स्थापना कर धूमधाम और उत्साह के साथ मराठी पंत परिवार के द्वारा महालक्ष्मी पर्व पिछले 30 वर्षों से लगातार अपने निवास पर माता लक्ष्मी को स्थापित कर भव्यता के साथ विधिः विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर रहे हैं।

**सेवा निवृत्त शिक्षिका तारा पंत** ने कहा कि माहेरी आली महालक्ष्मी यानी महालक्ष्मी अपने मायके आई। मां ज्येष्ठा, कनिष्ठा देवी महालक्ष्मी के रूप में मायके आती है इसका तीन दिनों तक पुरे आस्था के साथ पूजा अर्चना की जाती है तथा मराठी समाज में इस दिन का विशेष महत्व है अपने अपने तरह इसकी स्थापना की जाती है। यह व्रत तीन दिनों का होता है पहले दिन ज्येष्ठा गौरी का आवाहन किया जाता है दूसरे दिन पूजन किया जाता है और और उसमें विशेष भोजन अर्पण किया जाता है तीसरे दिन गौरी का विसर्जन किया जाता है। महाराष्ट्रीयन परिवार में राधा अष्टमी का बहुत ज्यादा महत्व है इस दिन ज्येष्ठा गौरी का पूजन किया जाता है तथा उनकी पूजा धूमधाम से की जाती है गुजिया लड्डु एवं मोदक पूरन पेड़े का भोग चढ़ाया जाता है। महालक्ष्मी पूजन के दौरान गूजिया, पेड़ा, करंजी श्रीखंड आदि का व्यंजन से महालक्ष्मी को भोग लगाकर मन इच्छा की प्रार्थना की जाती है। बुढार नगर के प्रवीण पंत का परिवार विगत 30 वर्षों से इस पूजा को कर रहे हैं तथा परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा इस पूजा को बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाते हैं। पंत परिवार के तारा पंत, हर्षा पंत, विनीता पंत, रक्षदा पंत, अथर्व पंत, वरद पंत आदि सम्मिलित रहते है।

**खबर संक्षेप**



## सुरक्षित स्कूल बस अभियान के यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

अनूपपुर। यातायात पुलिस अनूपपुर द्वारा सुरक्षित स्कूल बस अभियान 2.0 के अंतर्गत स्कूली वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 36 स्कूल वाहनों की जांच कर 47,000 का चालान वसूला गया। जिसमे सेंट जोसेफ स्कूल, कोतमा के 4 बसों पर 2,000 का चालान, डिवाइन स्कूल कोतमा के 3 बसों पर 11,500 का चालान, जिनमें से एक बस पर बिना परमिट का चालान, केंद्रीय विद्यालय जमुना के 5 स्कूली वाहनों पर 10,000 का चालान, ग्रीनलैंड स्कूल कोतमा के 8 वाहनों पर 8,000 का चालान, सेंट जोसेफ स्कूल बिजुरी के 8 वाहनों पर 9,000 का चालान, जिनमें से एक वाहन पर बिना फिटनेस का चालान, बेथल मिशन स्कूल अनूपपुर के 1 बस बिना परमिट पर 3000 का चालान, सनबीम महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल अनूपपुर की 7 बसों पर 3500 चालान किया गया। ज्ञात हो कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना यातायात विभाग का मुख्य उद्धेश्य है। अभियान के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को यह संदेश दिया गया है कि बिना फिटनेस, बिना परमिट एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कल्याण सेवा आश्रम में धूमधाम से मनाई गई भगवान श्री चंद्र जी की 531वीं जयंती



अमरकंटक। भगवान श्री चंद्र जी की 531वीं जयंती कल्याण सेवा आश्रम में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था। भगवान श्री चंद्र जी की जयंती उदासीन संप्रदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो आध्यात्मिकता और सेवा भाव को बढ़ावा देता है। इस दिन को मनाने का उद्धेश्य भगवान श्री चंद्र जी के आदर्शों और शिक्षाओं को याद करना और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना है। कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में स्थित है और यह आश्रम परिक्रमा वासियों और संत महात्माओं की सेवा के लिए जाना जाता है। आश्रम द्वारा विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जैसे कि निःशुल्क आवास, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं। आश्रम का उद्धेश्य लोगों को आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। भगवान श्री चंद्र जी की जयंती के अवसर पर आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आश्रम के प्रबंध न्यासी हिमाद्री मुनि महाराज ने कार्यक्रम का संचालन किया और भगवान श्री चंद्र जी की जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला। भगवान श्री चंद्र जी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान की और सेवा भाव को बढ़ावा दिया। कल्याण सेवा आश्रम द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## चचाई स्कूल में विभागीय आदेश के बावजूद पूर्व प्राचार्य नहीं दे रहे प्रभार

अनूपपुर/चचाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई में इन दिनों कुर्सी की जंग छिड़ी हुई है। विभागीय आदेश साफ़-साफ़ कहता है कि व्याख्याता एल.डी. द्विवेदी को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है, लेकिन पूर्व प्राचार्य फानूस जमाल ने न केवल आदेश मानने से इंकार कर दिया है, बल्कि कुर्सी से हटने को भी तैयार नहीं हैं। कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर ने आदेश क्र. 1/445783/2025 दिनांक 20 अगस्त के तहत एल.डी. द्विवेदी को चचाई विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया। द्विवेदी ने 21 अगस्त की शाम 3:30 बजे संस्था में उपस्थिति दर्ज कर आदेश का पालन भी किया, लेकिन दूसरी तरफ, विभाग की स्थानांतरण नीति 2025 के तहत फानूस जमाल को कार्यमुक्त कर उनके मूल संस्थान चांदपुर भेज दिया गया था। इसके बावजूद वे चचाई में ही डटी हुई हैं।

**सवालों के घेरे में विभाग-** विद्यालय में खींचतान अब सवाल खड़े कर रही है कि क्या विभागीय आदेश केवल कागज़ तक सीमित रहेंगे? या फिर फानूस जमाल को सत्ता या किसी अदृश्य दबाव का संरक्षण प्राप्त है? आखिर कब तक विभाग मौन रहेगा और आदेशों की साख गिरती रहेगी? प्रभारी प्राचार्य एल.डी. द्विवेदी का कहना है कि पूर्व प्राचार्य के अड़ियल रवैये से विद्यालय की शैक्षिक व प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यह विभागीय आदेश की खुली अवहेलना है।

### खतरे में धार्मिक स्थल की पवित्रता, प्रतिबंध के बावजूद बदस्तूर जारी है अवैध शराब की बिक्री

# ना ठेका, ना दुकान... फिर भी सीधे शराबियां तक पहुंच रही शराब

**अमरकंटक के सनराइज पॉइंट में तो शराबियों ने की हद पार**

**पवित्र नगरी के छवि को धूमिल कर रहे शराबी मुख्यमंत्री के आदेश की उड़ा रहे धज्जियां**

पवित्र नगरी अमरकंटक अपराधों व शराबियों का गढ़ बनते जा रहा है। एक तरफ अमरकंटक पुलिस दावा करती है कि सब कुछ ठीक चल रहा है पर कैसे ठीक चल रहा है उसकी बानगी अमरकंटक के प्रसिद्ध सनराइज पॉइंट पर देखी जा सकती है। अमरकंटक थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार खूब फल फूल रहा है जो अमरकंटक के लिए ठीक नही है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/अमरकंटक।



सरकार के प्रतिबंध के बावजूद धार्मिक स्थल में शराब की अवैध होम डिलीवरी धड़ल्ले से जारी है। घाटों से लेकर मंदिरों तक नशे के चलते पवित्रता खतरे में है। मध्य प्रदेश के बड़े धार्मिक स्थल अमरकंटक में प्रतिबंध के बाद भी शराब का अवैध कारोबार बढ़ता जा रहा है। अमरकंटक नर्मद नदी का उद्गम स्थल है। यहां खास अवसरों को शराब माफिया कमाई का मौका समझते हुए पूरे इलाके को नशे के अड्डे में तब्दील कर रहे हैं। मोबाइल फोन पर शराब के रेट तय होते हैं बाइक से डिलीवरी दी जाती है। होम डिलीवरी की ऐसी व्यवस्था है जैसे ऑनलाइन खाने की सप्लाई की जाती है वही आम दिनों मे भी आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है।

### पवित्रता को अपवित्र कर रहे शराब के जाम

जहां एक तरफ अमरकंटक को पवित्र नगरी का दर्जा दिया गया है तो वहीं दूसरी तरफ अवैध मदिरा पवित्र नगरी को अपवित्र कर रही है। पवित्र नगरी में अवैध शराब परोसकर कुछ असामाजिक तत्व अपवित्र करने पर आमादा हैं। कभी चोरी-छिपे चलने वाला अवैध शराब कारोबार आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में पवित्र नगरी अमरकंटक मे खुलेआम संचालित हो रहा है। इस कारोबार मे जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है, उससे यही प्रतीत होता है कि खाईवाल को कानून का कोई खौफ नहीं है।

### दिखावे का प्रतिबंध

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विगत माह प्रदेश के 17 प्रमुख धार्मिक तीर्थस्थलों में देशी एवं अंग्रेजी शराब की बिक्री पर पाबंदी लगा दी है। उक्त पर्यटन एवं तीर्थ स्थल में शराब के ठेके दुकान नहीं खोले गए हैं। चूंकि पवित्र नगरी अमरकंटक मे पहले भी कोई ठेका की शराब दुकान संचालित नहीं थी। राज्य शासन ने पवित्र नगरी अमरकंटक के साथ 16 अन्य स्थलों पर शराब की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन इसके बावजूद भी पवित्र नगरी अमरकंटक में आज भी महुआ की अवैध शराब की बिक्री जहां-तहां बनाकर बेची जा रही है वही अंग्रेजी शराब भी यहां आसानी से मिल जाती है। अमरकंटक में इस आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। हालत ये है कि नशे में लुढ़कते लोग घाट के पास पड़े दिख जाते हैं, शराब की बोतलें मंदिरों के इर्द-गिर्द बिखरी मिलती हैं और रात्रि काल में यात्री बसों के चालक-परिचालक खुद शराब पीकर माहौल को और दूषित कर देते हैं।

### शराब के अड्डे मे तब्दील सनराइज पाइंट

अमरकंटक के प्रसिद्ध सनराइज पॉइंट की सुंदरता और शांति अब खतरे में है। यह मनमोहक स्थान, जहाँ पर्यटक सूर्योदय का अद्भुत नजारा देखने आते हैं, अब शाम होते ही शराबियों का अड्डा बन जाता है। इस स्थिति से स्थानीय नागरिक और पर्यटक दोनों ही बेहद परेशान हैं। सनराइज पॉइंट अपनी प्राकृतिक छटा और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यहाँ रोजाना बड़ी संख्या में लोग सुबह की सैर और शाम के सूर्यास्त का आनंद लेने आते हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से शाम ढलते ही यहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। ये लोग खुलेआम शराब पीते हैं जिससे परिवार के साथ आने वाले लोगों को असहजता होती है।

### शिकायत के बाद भी कार्यवाही सिफर

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या की शिकायत प्रशासन से की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पर्यटकों की सुरक्षा और इस पवित्र स्थान की गरिमा बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाना आवश्यक है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा अमरकंटक एक तीर्थ स्थल है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और सनराइज पॉइंट पर पुलिस गश्त बढ़ानी चाहिए। इस मामले में संबंधित अधिकारियों से अनुरोध है कि वे शीघ्र कार्रवाई करें और सनराइज पॉइंट को फिर से सुरक्षित और स्वच्छ बनाएं ताकि यहाँ आने वाले सभी लोग बिना किसी डर के प्रकृति का आनंद ले सकें।

### जानकर भी अंजान बनने का पुलिस पर लग रहे आरोप

स्थानीय लोग साफ कह रहे हैं कि पुलिस सब जानती है मगर चुप है। समय रहते पुलिस ने कार्रवाई की होती तो आज अमरकंटक की यह स्थिति नहीं होती। तीर्थ, पर्यटन और तप की यह भूमि अब नशे में जकड़ती जा रही है। ऐसे में अमरकंटक की जनता ने अब आवाज़ उठानी शुरु कर दी है। वे मांग कर रहे हैं कि इस काले कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए हर उस दुकानदार, एजेंट और वर्दीधारी पर सख्त कार्रवाई हो जो इस पवित्र भूमि को अपवित्र करने में लगे हैं। अमरकंटक पुलिस सटोरियों व शराब माफियाओं को सह देकर जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक की छवि को भी धूमिल करने मे लगा हुआ है। अमरकंटक के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से अवैध शराब जैसे काले कारोबार से पवित्र नगरी को अपवित्र कर रहे शराब माफियाओं तथा साथ दे रहे वर्दीधारियों पर भी कड़ी कार्यवाही की मांग की है जिससे पवित्र नगरी की पवित्रता बरकरार रहे।

### शैलेन्द्र शैली सचिव, हरिद्वार सिंह व विजेंद्र सोनी सह सचिव निर्वाचित

# भाकपा का 21वाँ राज्य सम्मेलन सम्पन्न

**अमेरिकी टैरिफ नीति व स्मार्ट मीटरों का विरोध, श्रम कानूनों में संशोधनों के खिलाफ प्रस्ताव**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अनूपपुर जिला सचिव कॉमरेड जनक राठौर एडवोकेट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पार्टी का 21वाँ राज्य सम्मेलन 29 से 31 अगस्त तक ग्वालियर जिले के डबरा में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड गिरीश शर्मा एवं कॉमरेड के. नारायणा उपस्थित रहे। प्रथम दिन शुगर मिल चौराहे से प्रारम्भ हुई विशाल रैली नगर भ्रमण करते हुए सम्मेलन स्थल पहुँची, जिसमें प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राज्य सचिव कॉमरेड अरविंद श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि कॉमरेड के. नारायणा और मुख्य वक्ता कॉमरेड गिरीश शर्मा रहे। स्वागत भाषण कॉमरेड रतन वर्मा (पूर्व जज) तथा आभार कॉमरेड संजीव राजपूत ने व्यक्त किया। दूसरे दिन प्रतिनिधि सत्र का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता पाँच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने कीकॉमरेड अजीत जैन (सागर), विजेंद्र सोनी (अनूपपुर), संजय नामदेव (सिंगरौली), अशोक पाठक और अंजली परमार (ग्वालियर)। इस दौरान राज्य सचिव कॉमरेड अरविंद श्रीवास्तव ने राजनीतिक एवं सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट पर करीब 40 प्रतिनिधियों ने चर्चा करते हुए जिलों में पार्टी एवं जनसंगठनों को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए अमेरिकी टैरिफ नीति का विरोध, श्रम कानूनों में संशोधनों के खिलाफ प्रस्ताव, स्मार्ट मीटरों का विरोध, सफाई कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने का प्रस्ताव, भूमिहीन दलित-आदिवासी समुदायों को भूमि का मालिकाना अधिकार देने का प्रस्ताव तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ प्रस्ताव प्रमुख रहे।अंतिम दिन राज्य नेतृत्व, राज्य परिषद एवं राज्य कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से कॉमरेड शैलेन्द्र शैली को नया राज्य सचिव चुना गया। सह सचिव पद हेतु कॉमरेड हरिद्वार सिंह एवं कॉमरेड विजेंद्र सोनी (एडवोकेट) का निर्वाचन हुआ। 35 सदस्यीय राज्य परिषद एवं 15 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें कॉमरेड अरविंद श्रीवास्तव, हरिद्वार सिंह, शैलेन्द्र शैली, सत्यम पांडे, संजय नामदेव, जनक राठौर, शिवशंकर मौर्या, कौशल शर्मा, संजीव राजपूत, प्रहलाद बैरागी, मनोहर मिरोठा, विभा पांडे, यीशु प्रकाश और रामसरोज कुशवाहा शामिल हैं। एक पद रिक्त रखा गया। नवनिर्वाचित राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी मजदूरों, किसानों, छात्रों-नौजवानों, दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के हक-अधिकारों की लड़ाई तेज करेगी तथा केंद्र और राज्य सरकारों की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ेगी।

# कन्या उमावि विद्यालय अनूपपुर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का साझा संकल्प कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।



मध्य प्रदेश अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई भोपाल के निर्देशन पर 1 सितम्बर को प्रदेश के लगभग सवा लाख विद्यालयों में एक साथ प्रार्थना सभा उपरांत "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान "कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा शिक्षक एवं छात्रों को विद्यालय के हर कसौटी पर उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से पांच संकल्प लिया गया। इसी अनुक्रम में अनूपपुर जिला अंतर्गत चारों विकासखंडों के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा साझा रूप से संकल्प का वाचन किया गया। जनजाति कार्य विभाग के प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह, महामंत्री राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद पुनी, प्रांतीय सचिव महेंद्र त्रिपाठी आयाम प्रमुख अरुण मिश्रा के कुशल निर्देशन पर संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, संगठन मंत्री डॉ. नरेंद्र पटेल, सचिव हरिहर प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, जिला अध्यक्ष संजय निगम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखने, विद्यालय के संपदा संसाधन तथा समय को राष्ट्र धन मानने, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण आत्मविश्वास एवं समाज सेवा का साधन मानने, विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं अपितु संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानने का संकल्प डॉ. कौशलेंद्र सिंह प्राचार्य, जनजाति कार्य विभाग प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार सिंह द्वारा समस्त स्टाफ सहित विद्यालय के समस्त छात्रों को सामूहिक रूप से संकल्प का वाचन कराया गया। लगभग 450 छात्रों के साथ पूरा स्टाफ उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित रहा। श्रीमती अमिता मरकाम नगर अध्यक्ष सहित, डॉक्टर प्रमिला पांडे, श्रीमती प्रज्ञा सिंह, मीना द्विवेदी, रंजना मिश्रा, अनामिका मिश्रा, संध्या पांडे, निधि सोनी, रामनरेश सोनी, सूरज सोनी, अब्दुल कलाम मंसूरी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, वर्षा लिहारे और मिट्ठू लाल साहू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया, सांदीपनि विद्यालय खूंटाटोला, शासकीय प्राथमिक विद्यालय छिड़मिडी, माध्यमिक विद्यालय गोविंदा कॉलरी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र ग्राम, मॉडल पुष्पराजगढ़, माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर शासकीय एकीकृत विद्यालय पिपरहा सहित अनेक विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

# भाजपा ने रैली निकालकर राहुल गांधी के प्रति जताया 'आक्रोश' राहुल गांधी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताजी के लिए अपशब्दों को प्रयोग करने तथा मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की महिलाओं को सर्वाधिक शराब पीने वाली बताने पर देशभर की मातृशक्ति में आक्रोश हैं। सोमवार को अनूपपुर भाजपा जिला कार्यालय से नगर में रैली निकालकर तथा राहुल गांधी का पुतला फूंककर आक्रोश जताया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में निकली आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता व पदाधिकारी नारे लगाते हुए चल रही थी। आक्रोश रैली अनूपपुर नगर में भ्रमण करते हुए सामतपुर तालाब पहुंची जहां पर मातृशक्ति ने राहुल गांधी के पुतले की पिटाई कर महिलाओं के अपमान पर उनसे माफी मांगने की मांग की। जिसके बाद राहुल गांधी का पुतला जलाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि राहुल गांधी सहित समूची कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी को गाली देते-देते अब उनकी स्वर्गीय माता को गालियां देने लगे हैं। कांग्रेसियों ने निर्लजता की सारी हदें पार कर ली हैं। मातृशक्ति का यह अपमान देश की जनता सहन नहीं करेगी। कांग्रेसियों को उनके कर्मों की सजा अवश्य देगी। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे ने कहा कि राहुल गांधी सहित समूची कांग्रेस को मातृशक्ति के अपमान पर उनसे माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माता के लिए जो शब्द का उपयोग किया है उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम होगी हम महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने महिला के सम्मान में मैदान में है। आक्रोश रैली व पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी जितेंद्र सोनी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे महिला मोर्चा जिला महामंत्री ज्योति सोनी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा पटेल, भाजपा जिला मंत्री ज्योति शर्मा, दुर्गा पटेल, गुड़िया रौतेल, मंडल अध्यक्ष संगीता माली, जयंती मिश्रा, विमला सिंह, सविता सिंह, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री तृप्ती सिंह, रोमलता सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा अजय द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह परिहार सिद्धार्थ शिव सिंह हनुमान गर्ग जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी तथा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कूपन द्वारा ठगी करने वाला गिरोह धराया, पांचों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के सजग प्रयास एवं निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य एवं थाना प्रभारी निरी संजय खलको के मार्गदर्शन में चौकी फुनगा एवं कोतवाली अनूपपुर की टीम द्वारा थाना भालूमाड़ा के अपराध क्रमांक 385/25 धारा-318(4)भारतीय न्याय संहिता में कूपन स्क्रेच कर सामान जीतने का लालच देकर गांव के लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ा गया। फरियादी महेश प्रसाद साहू पिता स्व. गेदलाल साहू उम्र 45 वर्ष निवासी पतेरा टोला छिल्पा चौकी फुनगा थाना भालूमाडा का 30/08/25 को करीबन 7-8 बजे सुबह आर्टिका वाहन क्र. सी.जी.04 पी.व्ही. 0853 एवं बैगन आर वाहन क्र. यू.पी. 87 एस 0657 वाहन से पांच लोग आये एवं मेरे घर के सामने गाडी रोकी एवं आवाज लगाकर घर में आये तथा कूपन को स्क्रेच कर समग्री जीतने के संबंध में स्कीम समझाने लगे मैने पूछा आप लोग कहा से आये हो तो बताये हम उत्तर प्रदेश के रहने वाले है एवं हम सभी साथ मिलकर कूपन से संबंधित स्कीम चलाते है साथ ही उक्त लोगो के व्दारा गाडी में स्कीम से संबंधित रखा सामान दिखाया जिसमें गैस चूल्हा, इंडक्सन, टावर स्पीकर, कूलर आदि थे और बोले जीतने पर यह समान आपको फ्री दिया जायेगा एवं इसी प्रकार अन्य कई तरह की झासे में आने वाले प्रलोभन देने लगे। मैने उनसे पूछा कि यह स्कीम कही और भी दिये हो तो बोले कि हम पिछले एक हप्ते से अनूपपुर जिले में अलग अलग जगह जाकर स्कीम का फायदा दिये है। इसी तरह की बातो में आकर मैने भी एक कूपन 300 रूपये में खरीदा उसको स्क्रेच किया तो उसमे टावर कूलर, मार्बल चूल्हा, टावर डी.जे, खुला मैने कूपन के मुताबिक उक्त समान मांगा तो मुझसे सामान के बदले पैसे की मांग करने लगे मैने कहा आपने कूपन स्क्रेच पर निकलने वाला समान फ्री में देने की बात कही थी, किन्तु आप अपने बात से मुकर रहे हो तब कहने लगे की 300 रूपये में कुछ फ्री नही मिलता फिर मैने 300 रूपये लौटाने की बात कही किन्तु बोले कि यह कूपन की कीमत थी पांचो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गिरोह बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कूट रचना एवं अर्थिक अपराध कर मेरे साथ छल एवं ठगी किये है। उक्त पर से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाश की गई जो कि आरोपी दस्तयाब हुए उनसे स्कीम का सामान कूपन घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त किये गये। आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

### पांचों आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों से 1 टावर स्पीकर डीजे 06, एलपीजी गैस चूल्हा 06, टावर फेन 05, इंडक्सन कुकर 04, वाहन क्रमांक सीजी 04 पीव्ही 0853 सफेद रंग की अर्टिगा कार, यूपी 87 एस 0657 सफेद रंग की बैगन आर कार जप्त किया गया। आरोपियां मे नितिन कुमार पिता नीरू सिंह उम्र 28 वर्ष, विपिन कुमार पिता यशपाल सिंह उम्र 28वर्ष दोनो निवासी हीरापुर थाना सहबर जिला काश गंज उप्र, गोपाल कुमार नायक पिता लखन सिंह उम्र 24 वर्ष, भीमबाबू पिता नरोत्तम सिह उम्र 22वर्ष निवासी कोठी 04बीघा थाना समसाबाद जिला आगरा उ0प्र0 तथा मुरारी लाल पिता मुन्ना लाल बंजारा उम्र 33वर्ष निवासी नगला बंजारा गंज डूंडवारा जिला काशगंज उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। उक्त धरपकड़ मे उनि अनुराग अवस्थी चौकी प्रभारी, सउनि कोमल अरजरिया एवं प्रआर सूर्यभान सिंह, प्र.आर. रामेश्वर, आर. हर्षित गौतम, अमन दुबे एवं कोतवाली पुलिस की रही। पुलिस ने जनता से अपील करते हुये कहा कि इस प्रकार के कूपन स्क्रेच कर सामान जीतने का लालच आदि देकर ठगी करने वाले लोगो से बचे एवं कूपन स्क्रेच कर सामान बेचने छल या ठगी या अन्य प्रकार से लोभ लालच देने वाले व्यक्तियो की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें।